भागलपुर
शनिवार, 27 दिसंबर, 2014
पौष कृष्ण 06 संवत 2071
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 4+1
(बाल प्रभात ऐच्छिक)
www.prabhatkhabar.com

प्रभात खबर
बिहार जागे ... देश आगे
भागलपुर | पटना | मुजफ्फरपुर | गया | रांची | जमशेदपुर | धनबाद | देवघर | कोलकाता | सिलीगुड़ी से प्रकाशित

गंगा रेल पुल चार माह में होगा पूरा : जीएम

गर्डर इरेक्शन कार्य के समापन का उद्घाटन करते जीएम. ■ फोटो | प्रभात खबर

प्रतिनिधि, मुंगेर

- पुल का स्टील सुपर स्ट्रक्चर कार्य हो चुका है पूर्ण
- गंगा पुल के गर्डर इरेक्शन कार्य के समापन कार्य का जीएम मधुरेश कुमार ने किया उद्घाटन

मुंगेर में निर्माणाधीन गंगा रेल सह सड़क पुल निर्माण का कार्य अगले चार माह में पूर्ण हो जायेगा. पुल का स्टील सुपर स्ट्रक्चर कार्य पूर्ण हो चुका है. ये बातें पूर्व-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक मधुरेश कुमार ने शुक्रवार को गंगा पुल के गर्डर इरेक्शन कार्य के समापन कार्य का उद्घाटन करते हुए कही.

बेहतरीन तरीके से हुआ पुल का निर्माण : महाप्रबंधक ने निर्माणाधीन पुल के स्टील वर्क के पूर्ण होने के बाद ट्रॉली से पुल का शेष पेज 15 पर

गंगा रेल पुल...

निरीक्षण किया और उसके एलीमेंट की भी जांच की. बेगूसराय के रास्ते वे गंगा पुल पर पहुंचे और फिर वहां से पुल पर रेलवे के ट्रॉली से यात्रा करते हुए मुंगेर आये. जहां पर उन्होंने गर्डर इरेक्शन कार्य के पूर्ण होने पर उसका उदघाटन भी किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुल निर्माण का कार्य अब अंतिम चरण में है. पूर्व मध्य रेलवे ने बेहतरीन तरीके से इस पुल का निर्माण किया है. एप्रोच रोड व रेल लाइन बिछते ही पुल आवागमन के लिए चालू हो जायेगा. उन्होंने पुल के सुपर स्ट्रक्चर के कार्य को बेहतरीन बताया. मौके पर पूर्व-मध्य रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एलएम झा एवं बीबीजे लिमिटेड कोलकाता के एसएम ब्रिग बीडी पांडेय सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे.